COVID-19 के टीके: बुज़ुर्ग न्यूयॉर्क वासियों को क्या जानने की ज़रूरत है

60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग COVID-19 के टीके लगवाने के लिए योग्य हैं। तीन टीके उपलब्ध हैं: Pfizer-BioNTech, Moderna, और Johnson & Johnson/Janssen.

बुज़ुर्ग वयस्कों के लिए COVID-19 से बचाव के लिए टीका लगवाना क्यों ज़रूरी है?

जबकि कोई भी COVID-19 की वजह से बीमार हो सकता है, उम्र के साथ गंभीर बीमारी होने का जोखिम बढ़ जाता है। COVID-19 से गंभीर बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती होने, इन्टेन्सिव केयर, वेन्टिलेटर इस्तेमाल करने की ज़रूरत हो सकती है, या मृत्यु हो सकती है। कुछ अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियाँ, जैसे कैंसर, गुर्दे की पुरानी बीमारी, डायबिटीज़ और दिल की बीमारी, भी गंभीर COVID-19 बीमारी के जोखिम को बढ़ाती हैं।

क्या COVID-19 के टीके सुरक्षित और कारगर हैं?

हाँ। COVID-19 के टीके विकसित करते समय वैज्ञानिकों ने अन्य टीकों के लिए कई दशकों के शोध के आधार पर काम किया। ये टीके बड़े नैदानिक अध्ययनों से गुज़रे हैं जिनमें हज़ारों की संख्या में अलग-अलग उम्र, नस्लों और जातीयताओं वाले लोग शामिल थे। आपको इन टीकों से COVID-19 नहीं हो सकता।

नैदानिक अध्ययनों में, तीनों टीके गंभीर COVID-19 बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु होने से लोगों को बचाने में बहुत सुरक्षित और प्रभावी पाए गए थे।

NYC VACCINE FOR ALL:
SAFE, FREE, EASY

Hindi

NYC Health

क्या COVID-19 के टीकों के दुष्प्रभाव हैं?

ज़्यादातर लोग हल्के से मध्यम दुष्प्रभावों की सूचना देते हैं, जिनमें बाँह में दर्द, सिरदर्द, बदन दर्द, थकान और बुखार होना शामिल हैं। आम तौर पर दो से तीन दिनों में दुष्प्रभाव दूर हो जाते हैं और बुज़ुर्ग वयस्कों में कम उत्पन्न होते हैं। यदि आप ऐसे दुष्प्रभावों का सामना करते हैं जिनसे आपको चिंता होती है या जो कुछ दिनों बाद दूर नहीं होते, या यदि 24 घंटे बाद आपको टीका लगाने की जगह पर लाली या दर्द बढ़ जाता है तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को कॉल करें।

यदि मैंने फ़्लू का टीका लगवाया था तो क्या मुझे COVID-19 का टीका लगवाने की ज़रूरत है?

हाँ। फ़्लू का टीका COVID-19 से आपकी रक्षा नहीं करता। चूँकि बुज़ुर्ग वयस्कों को फ़्लू और COVID-19, दोनों से जटिल स्थितियों का ज़्यादा जोखिम है, इसलिए उन्हें दोनों टीके लगवाने चाहिए। आपको कम से कम 14 दिन के अंतराल पर COVID-19 का टीका और फ़्लू का टीका लगवाना चाहिए।

क्या टीका लगवाने के लिए घर से बाहर जाना मेरे लिए सुरक्षित है?

टीकाकरण की साइट्स पर रोगियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानियाँ बरत रहे हैं, जैसे मौके पर लोगों की संख्या को कम करने के लिए अपॉइंटमेंट लेने को ज़रूरी करना। टीकाकरण की साइट पर प्रत्येक व्यक्ति को हर समय फेस कवरिंग पहननी होगी।

मैं टीका लगवाने के लिए अपनी अपॉइंटमेंट पर कैसे पहुँच सकता/सकती हूँ?

65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के जिन लोगों को परिवहन की ज़रूरत है, उनके लिए टीकाकरण की साइट्स पर आने-जाने के लिए मुफ़्त परिवहन उपलब्ध है। आपके द्वारा अपॉइंटमेंट लेने पर परिवहन की व्यवस्था करने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। यदि आप सार्वजनिक परिवहन से आते-जाते हैं, तो सफ़र करने के लिए सबसे सीधा और सबसे कम भीड़-भाड़ वाला तरीका ढूँढें। चाहे आप जैसे भी सफ़र करें, दूसरों से 6 फीट की दूरी पर रहें, फेस कवरिंग पहनें, बार-बार हैंड सैनिटाइज़र इस्तेमाल करें और अपने चेहरे को छूने से बचें।

टीका लगवाने में कितना खर्च आएगा?

यह टीका मुफ़्त लगाया जाता है। अगर आपके पास बीमा है, तो उस कंपनी को बिल किया जा सकता है, लेकिन आपसे सह-भुगतान या अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।

मैं टीका कहाँ लगवा सकता/सकती हूँ?

यदि आप किसी नर्सिंग होम या अन्य सामूहिक देखभाल सुविधा में रहते हैं, तो आप वहीं टीका लगवाने के लिए योग्य हो सकते हैं। अन्यथा, आप निम्न द्वारा टीका लगवाने के लिए अपॉइंटमेंट ले सकते हैं:

- टीकाकरण की साइट ढूँढने के लिए **nyc.gov/vaccinefinder** पर जाकर
- NYC द्वारा चलाई जाने वाली किसी साइट में अपॉइंटमेंट लेने के लिए 877-829-4692 पर कॉल करके
- यह देखने के लिए अपने प्रदाता या फार्मेसी से संपर्क करके कि वे टीकाकरण कर रहे हैं या नहीं

क्या मुझे टीका लगवाने के लिए पात्रता का प्रमाण देने की ज़रूरत होगी?

हाँ। टीका लगवाने से पहले आपको **vaccineform.health.ny.gov** पर न्यू यॉर्क स्टेट (NYS) COVID-19 वैक्सीन फ़ॉर्म भरना होगा। आपको आयु का प्रमाण (जैसे पासपोर्ट या जन्म प्रमाण-पत्र) और न्यूयॉर्क में रहने का प्रमाण (जैसे किसी उपयोगी सेवा का बिल, अन्य डाक, अथवा किराए या मॉर्गिज का विवरण) भी लाना होगा। NYS ड्राइवर का लाइसेंस या IDNYC दोनों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। स्वीकार्य प्रमाण की पूरी सूची के लिए, **nyc.gov/covidvaccine** पर जाएं।

क्या मेरे घर पर देखभाल करने वाले कर्मचारी और सहायक को भी COVID-19 का टीका लग सकता है?

हाँ। घर पर देखभाल करने वाले कर्मचारियों और व्यक्तिगत देखभाल सहायकों को भी टीका लगवाने के लिए प्राथमिकता दी गई है। उन्हें अपॉइंटमेंट लेनी होगी और इसका सबूत लाना होगा कि वे न्यूयॉर्क में रहते हैं या काम करते हैं।

क्या मैं टीका लगवाने के बाद शारीरिक दूरी रखना और फेस कवरिंग पहनना बंद कर सकता/सकती हूँ?

नहीं। जबकि हम जानते हैं कि ये टीके गंभीर COVID-19 बीमारी से लोगों को बचाने में बहुत प्रभावी हैं, अभी भी हमें इस बारे में और जानने की ज़रूरत है कि ये टीके आपके आस-पास उन लोगों को सुरक्षित कैसे करते हैं जिन्हें टीका नहीं लगाया गया है। हर व्यक्ति को रोकथाम के प्रमुख उपाय जारी रखने होंगे: बीमार होने पर घर में ही रहें, दूसरों से 6 फीट की दूरी पर रहें, फेस कवरिंग पहनें और अपने हाथों को साफ रखें।

COVID-19 के टीकों के बारे में और जानने के लिए, अपने प्रदाता से बात करें, **311** पर कॉल करें या **nyc.gov/covidvaccine** पर जाएं।

COVID-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान बुज़ुर्ग न्यूयॉर्क वासियों के लिए मुफ़्त सेवाओं और सहायता की सूची के लिए, **nyc.gov/aging/covid19** पर जाएं।

स्थिति में होने वाले बदलावों के साथ-साथ NYC स्वास्थ्य विभाग सिफारिशों को बदल सकता है। **3.10.2021**

Español | Русский | 繁體中文 | 简体中文 | Kreyòl ayisyen
한국어 | বাংলা | Italiano | Polski | العربية | Français | اردو | ייִדיש

nyc.gov/aging/covid19